(a) what are the main technology transfers in the fertilizers industries during 1988;

(b) what is the total amount spent on the import of the technologies;

(c) whether any of these technologies was part of a foreign collaboration; and

(d) if so, what are the details of direct transfers and those through foreign collaborations?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF FERTILIZERS IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI R. PRABHU): (a) and (b). Although no technology transfer has taken place during 1988, the following amounts have been paid for the import of technology by M/s. Nagarjune Fertilizers and Chemicals Ltd., for their naphtha based ammonia/urea plant at Kakinada:

(i) Dkr	4,562,033.75
(//) US $	60,000
(Ht) DM	4,420,045

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

राजस्थान को खाद्य तेलों का आवंटन

2604. श्री सन्तोष बागड़ोदिया : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष के दौरान राजस्थान को कितनी बार कितनी मात्रा में खाद्य तेलों का आवंटन किया गया और राज्य सरकार द्वारा वास्तविक रूप में कितनी मात्रा में खाद्य तेलों को उठाया गया ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० एल० बैठा): राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को आयातित खाद्य तेलों का आवंटन माह-दर-माह आधार पर किया जाता है । वर्ष 1988 के दौरान राजस्थान को खाद्य तेलों की 19880 मी० टन मात्रा आवंटित की गई थी, जिसके प्रति राज्य द्वारा खाद्य तेलों की 9405 मी० टन मात्रा उठाई गई थी जिसके आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

(मात्रा मी० टन में)

	आवंटन	उठाई गई मात्रा
जनवरी, 88	4500	2950
फरवरी, 88	3000	1881
मार्च, 88	1500	1586
अप्रैल, 88	1230	1063
मई, 88	1250	338
जून, 88	1250	315
जुलाई, 88	1250	663
अगस्त, 88	1500	285
सितम्बर, 88	1500	20
अक्तूबर, 88	1500	74
नवम्बर, 88	1000	30
दिसम्बर, 88	400	200
	19880	9405

सरकारी राशन की दुकानों पर दोषयुक्त तराजू

2605. श्री सन्तोष बागड़ोदिया : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को सरकारी राशन की दुकानों पर दोषयुक्त तराजू होने और दुकानदारों द्वारा जान बूझकर कम मात्रा में सामान तोलने के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि नार्थ एवैन्यू स्थित राशन की दुकान में ही एक अन्य दुकान सब्जी की होने से पर्याप्त जगह नहीं है तथा सामान तोलने की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो इन शिकायतों पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० एल० बैठा): (क)